# वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

**(Formerly Uttarakhand Technical University, Established by Act No. 415 of 2005 by Uttarakhand State Govt.)**

सुद्धोवाला, पो0ओ0 चंदनवाड़ी, प्रेमनगर, चकराता रोड, देहरादून (उत्तराखण्ड)

ईमेल– counseling@uktech.ac.in वेबसाइटः www.uktech.ac.in


## बी0टेक0 प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग वर्ष 2022–23 की सूचना

वीर माधों सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून के संघटक एवं समस्त स्वायत्तशासी/निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं कालेज ऑफ टेक्नोलाजी पन्तनगर में शैक्षिक सत्र 2022–23 हेतु बी0टेक0 प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग एन0आई0सी0 के सहयोग से निम्नवत कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगीः–

| Counselling Phase | Period of Counselling Fee Deposition, Online registration and Choice filling | Seat Allotment Date | Date of Reporting in Allotted institutions by the candidate's |
|---|---|---|---|
| प्रथम चरण | 5 सितम्बर 2022 से 8 सितम्बर 2022 तक | 12 सितम्बर 2022 | 14 सितम्बर 2022 से 17 सितम्बर 2022 तक |
| द्वितीय चरण | 20 सितम्बर 2022 से 23 सितम्बर 2022 तक | 27 सितम्बर 2022 | 28 सितम्बर 2022 से 01 अक्टूबर 2022 तक |

द्वितीय चरण की काउंसिलिंग के उपरान्त रिक्ति होने की दशा में संस्था स्तरीय काउंसिलिंग (Spot Counseling) दिनांक 03 अक्टूबर 2022 से दिनांक 13 अक्टूबर 2022 के मध्य आयोजित की जायेगी। **बी0टेक0 प्रथम वर्ष** में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन काउंसिलिंग हेतु वेबसाईट https://utu.admissions.nic.in पर Registration/Login करेंगे।

### प्रवेश (काउंसिलिंग) हेतु दिशा–निर्देश :–

- **B.Tech** प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु NTA द्वारा आयोजित JEE-Main की प्रवेश परीक्षा की मेरिट–रैंक के आधार पर काउंसिलिंग आयोजित की जायेगी। साथ ही काउंसिलिंग में ऐसे अभ्यर्थी भी सम्मिलित हो सकते हैं जिनके द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग नहीं किया गया है, ऐसे अभ्यर्थियों को योग्यता परीक्षा (**Qualifying Exam**) के प्राप्तांकों के अनुपात के आधार पर मेरिट बनाकर काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा। प्रवेश में JEE-Main रैंकधारक अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी।
- बी0टेक0 प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु योग्यता परीक्षा (**Qualifying Exam**) तथा अर्हता (**eligibility**) निम्नवत हैः–

| SN | COURSE | Dur | MINIMUM QUALIFICATION |
|---|---|---|---|
| 1 | B.Tech First Year | 4 Year | Passed 10+2 examination with Physics/ Mathematics / Chemistry/ Computer Science/ Electronics/ Information Technology/ Biology/ Informatics Practices/ Biotechnology/ Technical Vocational subject/ Agriculture/ Engineering Graphics/ Business Studies/ Entrepreneurship as per table1.3(a) Agriculture stream (for Agriculture Engineering) Obtained at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) in the above subjects taken together. OR Passed min. 3 years Diploma examination with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserved category) subject to vacancies in the First Year, in case the vacancies at lateral entry are exhausted. (The Universities will offer suitable bridge courses such as Mathematics, Physics, Engineering drawing, etc., for the students coming from diverse backgrounds to prepare Level playing field and desired learning outcomes of the programme) |

- आनलाईन काउंसिलिंग में सम्मिलित होने के लिये अभ्यर्थी को काउंसिलिंग शुल्क (Counseling Fee) रु–2000 / – ऑनलाईन माध्यम से जमा किया जायेगा।
- जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम चरण की काउंसिलिंग में शुल्क जमा कर पंजीकरण किया जायेगा उन अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।
- ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा प्रथम चरण की काउंसिलिंग के उपरान्त किसी संस्थान में प्रवेश ले लिया है एवं अभ्यर्थी संस्था / पाठ्यक्रम परिवर्तन हेतु काउंसिलिंग में प्रतिभाग करता है एवं उसे कोई अन्य संस्थान / पाठ्यक्रम आवंटित हो जाता है, उस दशा में अभ्यर्थी का प्रथम चरण की काउंसिलिंग में आवंटित सीट पर कोई दावा मान्य नहीं होगा एवं प्रथम चरण में आवंटित सीट स्वतः ही निरस्त हो जायेगी।
- आनलाईन काउंसिलिंग से सम्बन्धित समस्त जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://uktech.ac.in पर उपलब्ध रहेगी। अतः अभ्यर्थी काउंसिलिंग में सम्मिलित होने से पूर्व समस्त प्रक्रिया का अध्ययन कर लें।
- आनलाईन काउंसिलिंग हेतु सर्वप्रथम अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://utu.admissions.nic.in/ में Login-ID/Password बनाकर रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही पूर्ण करेंगे।
- अभ्यर्थी वेबसाईट पर रजिस्ट्रेशन एवं पासवर्ड बनाते समय अपना सम्पूर्ण विवरण ध्यान पूर्वक चेक कर एवं आवश्यक संशोधन रजिस्ट्रेशन के समय ही कर लें। रजिस्ट्रेशन में अभ्यर्थी जो सूचना भरेगा, अभ्यर्थी के पास प्रवेश के समय सम्बन्धित प्रमाण पत्र होने अनिवार्य होंगे अन्यथा उसका आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा।
- संस्थान, ब्रॉच आवंटन की जानकारी के लिए अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के दौरान वेबसाईट पर अपना Allotment Letter प्रिंट कर सकता है।
- अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में निर्धारित अंतिम तिथि तक समस्त आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति, 2 फोटो के साथ उपस्थित होंगे।
- किसी भी आरक्षण का लाभ लेने के लिये अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा। जिसे प्रवेश के समय आवंटित संस्थान में जमा करना अनिवार्य होगा। अतः ऐसे अभ्यर्थी जिनके पास उत्तराखण्ड स्थाई निवास का प्रमाण पत्र न हो एवं वे पाठ्यक्रम हेतु न्यूनतम अर्हता उत्तराखण्ड से उत्तीर्ण हों, उनको उत्तराखण्ड की सामान्य सीट आवंटित की जायेगी। उत्तराखण्ड की महिला सीट लेने के लिऐ भी स्थाई निवास का प्रमाण पत्र अनिवार्य है ऐसी महिला अभ्यर्थी जिनके पास उत्तराखण्ड स्थाई निवास का प्रमाण पत्र न हो वह महिला आरक्षित सीट के लिऐ आवेदन न करे।
- Armed Force (AF) की सीट Ex Service Man के आश्रितों के लिये है। इसके लिये प्रमाण पत्र सैनिक पुर्नवास कल्याण बोर्ड द्वारा जारी मान्य होगा।
- अभ्यर्थियों द्वारा आरक्षण से सम्बन्धित समस्त प्रमाण पत्र उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने होंगे।
- यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश के समय उपरोक्तानुसार आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराये जाते हैं तो अभ्यर्थी का आवंटन स्वतः ही निरस्त कर दिया जायेगा और अगले चरण की काउंसिलिंग में उक्त सीट को रिक्ति के रूप में प्रदर्शित कर दिया जायेगा।
- प्रवेश में इच्छुक अभ्यर्थी आनलाईन काउंसिलिंग में इन्टरनेट के माध्यम से अपने घर / शहर / गॉव में कहीं से भी काउंसिलिंग में सम्मिलित हो सकते है।
- शासनादेश सं0–348 / XXIV(8)/10.26–10 दिनांक 19 / 1 / 2011 एवं यथा संशोधित शासनादेश सं0 647 / XLI-1/12.26 / 10 दिनांक 20 जून 2012 के द्वारा राज्य के समस्त राजकीय एवं निजी तकनीकी शिक्षण संस्थानों में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रमों में Tuition fee waiver scheme अनिवार्य रूप से लागू की गयी है जिसके अन्तर्गत प्रत्येक संस्थान के प्रत्येक त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में स्वीकृत प्रवेश क्षमता के 5 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें उत्तराखण्ड के स्थाई निवासी के लिये आरक्षित की गयी हैं,

जिनके अभिभावकों की किसी भी स्रोत से वार्षिक आय रु 4.50 लाख से कम हो। ऐसे प्रवेशित अभ्यर्थियों से सम्पूर्ण पाठ्यक्रम हेतु शिक्षण शुल्क नहीं लिया जायेगा।

- छात्र आनलाईन काउंसिलिंग से सम्बन्धित समय–समय पर जारी आवश्यक सूचनाओं एवं निर्देशों के लिए निरन्तर वेबसाईट http://uktech.ac.in पर सम्पर्क करते रहें।
- काउंसिलिंग से एवं प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान के लिए निम्नवत् हैल्पलाइन नं0 पर सम्पर्क कर सकते हैं:–

| | |
|---|---|
| Regarding Qualification/ Eligibility & Counselling Process | 9760945225<br>6398199351 |
| Regarding Financial/Fee Error | 8630332869 |
| Regarding Website Error | 8865004876 |
| Regarding Technical Error Kindly send query with mobile no | **counseling@uktech.ac.in** |

- काउंसिलिंग / प्रवेश तिथियों में प्रातः 10 बजे से 5 तक सम्पर्क कर सकते हैं अथवा काउंसिलिंग सम्बन्धी ईमेल **counseling@uktech.ac.in** पर किसी भी समय सम्पर्क कर समस्या का निराकरण करा सकते हैं।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाईट पर अपना रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश हेतु इच्छुक संस्थान / ब्रॉच के विकल्प (Choices) भर सकते है एवं भरे गये विकल्पो का प्रिंट आउट प्राप्त कर लें। विकल्प भरते समय अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लेवे ंकि विकल्पो का चयन करते समय किसी के दबाव में विकल्पों को न भरें, विकल्पों के विषय में समस्त जानकारी प्राप्त होने पर ही विकल्प भरें। साथ ही Login-ID/Password को किसी के साथ साझा (Share) न करें। यदि आपके द्वारा Login-ID/Password को किसी के साथ साझा करने पर अभ्यर्थी के विकल्पों में कोई परिवर्तन किया जाता है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी।
- रविवार एवं अवकाश के दिवसों में भी संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया गतिमान रहेगी।

विज्ञापन सं0 1479–1 rev /यू0टी0यू0/काउं0सू0/2022–23 दिनांक 23 अगस्त 2022

**कुल सचिव**